**1/08**/202**5**

आकाशवाणी ईटानगर

विभिन्न मुद्दों पर विपक्ष के हंगामे के बाद संसद के दोनों सदनों की कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित कर दी गई। राज्यसभा को पहले दोपहर 12 बजे तक और फिर पूरे दिन के लिए स्थगित कर दिया गया। जबकि लोकसभा की कार्यवाही पहले दोपहर 2 बजे तक के लिए स्थगित की गई और फिर पूरे दिन के लिए स्थगित कर दी गई।

0000000000000000000000

विदेश मंत्रालय ने आज कहा कि भारत की रक्षा आवश्यकताओं का स्रोत पूरी तरह से देश की राष्ट्रीय सुरक्षा आवश्यकताओं और रणनीतिक आकलन द्वारा निर्धारित होता है। मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने रक्षा खरीद पर एक प्रश्न के उत्तर में नई दिल्ली में मीडिया को जानकारी देते हुए यह बात कही। भारत-रूस संबंधों पर एक प्रश्न के उत्तर में, प्रवक्ता ने कहा कि विभिन्न देशों के साथ द्विपक्षीय संबंध अपनी योग्यता पर आधारित हैं और इन्हें किसी तीसरे देश के माध्यम से नहीं देखा जाना चाहिए।

0000000000000000000000

मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने कहा है कि राज्य 2035 तक 19,000 मेगावाट स्वच्छ और नवीकरणीय जलविद्युत क्षमता चालू करने के लिए

तैयार है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में, मुख्यमंत्री ने ज़ोर देकर कहा कि यह पहल बिजली उत्पादन से कहीं आगे है। उन्होंने कहा कि इसका उद्देश्य युवाओं के लिए रोज़गार सृजन, सड़कों, स्कूलों और बुनियादी ढाँचे में सुधार, और स्थानीय समुदायों के साथ संसाधन-आधारित संपदा को साझा करके समान विकास सुनिश्चित करना है। कामेंग, सुबनसिरी और दिबांग जैसी प्रमुख परियोजनाओं का उल्लेख करते हुए, श्री खांडू ने कहा कि यह पहल दूर दराज़ के गाँवों में भी आशा, अवसर और सम्मान लाएगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार अरुणाचल को न केवल एक खूबसूरत सीमांत क्षेत्र के रूप में, बल्कि भारत के सतत ऊर्जा भविष्य में एक प्रमुख योगदानकर्ता के रूप में देखती है।

0000000000000000000000

उपमुख्यमंत्री चाउना मेन ने आज दोन्यी-पोलो मिशन स्कूल फॉर द हियर एंड विज़ुअली इम्पेयर्ड में "लेट्स स्पीक अरुणाचल" विषय पर आयोजित कार्यशाला में भाग लेते हुए संस्था को प्रदान की जाने वाली वार्षिक अनुदान राशी को 1 करोड़ 40 लाख रुपये से बढ़ाकर ₹2 करोड़ करने और स्कूल की लोंग टर्म सस्टैनेबिलिटी के लिए ₹5 करोड़ का कॉर्पस फंड आवंटित करने की घोषणा की है। इस दौरान, उपमुख्यमंत्री ने आगामी राज्य वार्षिक बजट में अनुदान को शामिल करने का आश्वासन दिया है।

0000000000000000000000

ज़िला सड़क सुरक्षा समिति ने आज अगस्त 2025 के अंतिम सप्ताह में आयोजित होने वाले आगामी सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रमों की योजनाओं को अंतिम रूप देने के लिए एक बैठक बुलाई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए, उपायुक्त विशाखा यादव ने ज़ोर देकर कहा कि DRSC की योजनाएँ व्यावहारिक, कम लागत वाले, फिर भी प्रभावशाली हस्तक्षेपों पर केंद्रित होनी चाहिए। उन्होंने उपस्थित ऑटोमोबाइल कंपनियों के प्रतिनिधियों से सड़क सुरक्षा सप्ताह में सक्रिय रूप से भाग लेने और इससे जुड़े कैपिटल एक्सपेंडिचर में योगदान देने का आग्रह किया। इस बीच, उपायुक्त ने नाहरलागुन और जीरो के राजमार्ग प्रभाग के अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है कि जागरूकता सप्ताह शुरू होने से पहले सरकार द्वारा जारी सड़क सुरक्षा सुझावों और दिशानिर्देशों को प्रमुख स्थानों पर प्रमुखता से प्रदर्शित किया जाए।

0000000000000000000000

तिराप जिले में मानव-हाथी संघर्ष की एक दुखद घटना में, कल जिले के थालोट गाँव में तीसरी जानलेवा घटना घटी है। मृतक पर रात 9:00 से 10:00 बजे के बीच उसके घर के परिसर में ही एक जंगली हाथी ने हमला किया। इस बीच, देवमाली के मुख्य वन संरक्षक चिमोय सिमाई ने स्थानीय लोगों को सतर्क रहने और खाने के सामान यहां वहां न फैलाने की सलाह दी है क्योंकि इससे हाथी आकर्षित होते हैं। इसके अलावा, उन्होंने इस समस्या के समाधान के लिए एक व्यापक रणनीति विकसित करने के लिए विभाग, जिला प्रशासन, ZPM, क्षेत्रीय प्रमुखों

और गाँव बुढ़ा की एक आपातकालीन समन्वय बैठक बुलाने की योजना की घोषणा भी की।

0000000000000000000000

पंचायती राज विभाग, आनिनी द्वारा शिक्षा विभाग और होप डिफेंस के सहयोग से कल "शिक्षा साथी दिबांग" पहल का आधिकारिक रूप से शुभारंभ किया गया। इस पहल का उद्देश्य दिबांग वैली के सभी स्कूलों में महत्वपूर्ण करियर परामर्श सत्र आयोजित करना है, जिससे युवाओं को उनके भविष्य में सफलता के लिए तैयार किया जा सके। उद्घाटन सत्र का आयोजन पीएम श्री अपर प्राईमेरी स्कूल, आंगोलिन में किया गया, जहाँ 45 से अधिक छात्र और उनके अभिभावक भविष्य की संभावनाओं को तलाशने के लिए एकत्रित हुए। कार्यक्रम में जिला पर्यटन अधिकारी, लामवांग आरान ने भी भाग लिया।

0000000000000000000000

ईटानगर मौसम विभाग ने आज राज्य के तीन जिलों तवांग, लोअर दिबांग वैली और चांगलांग को छोड़ कर अन्य सभी जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार अगले 24 घटों में अलग अलग स्थानों में गरज के साथ बिजली गिरने और तेज बारिश होने की संभावना है।

0000000000000000000000